कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)

पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773

Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in

College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 04.06.2026

/प्रेस विज्ञप्ति/

विश्व सायकल दिवस पर सायकल रैली का आयोजन

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के क्रीडा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में 'विश्व सायकल दिवस सप्ताह' का आयोजन प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन किया जा रहा है। प्राचार्य ने छात्राओं को संदेश देते हुए कहा कि सायकल चलाने से सम्पूर्ण शारीरिक व्यायाम हो जाता है एवं वाहन का प्रयोग कम करने से पर्यावरण शुद्ध होता है साथ ही ईंधन की बचत होती है। दिनांक 03.06.2026 को विश्व सायकल दिवस के अवसर पर परिचर्चा का आयोजन किया गया था जिसका विषय था - वर्तमान परिस्थिति में सायकल की अनिवार्यता। इस कार्यक्रम में रा0 से0 यो0 प्रभारी डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव, डॉ0 मोनिया राकेश, श्रीमती ज्योति भरणे, सुश्री खुश्बू साहू उपस्थित थे। मनस्वी निर्मलकर, चंचल यादव, नीतू देशमुख, हेमकुमारी ने अपने विचार प्रकट किए।

सप्ताह के दूसरे दिन सायकल रैली का आयोजन में किया गया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ0 के0 एल0 राठी, डॉ0 सुषमा यादव, एन0 एस0 एस0 प्रभारी ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर आगाज किया। क्रीडाधिकारी डॉ0 ऋतु दुबे के नेतृत्व में कुल 19 छात्राओं ने रैली में हिस्सा लिया। यह रैली महाविद्यालय से निकल हुडको कॉलोनी होते हुए वापस महाविद्यालय में समाप्त हुई। जिसकी लगभग दूरी 3.5 किमी. थी। इस रैली में प्रिया साव, चंचल यादव, मनस्वी निर्मलकर, हिना निर्मलकर, उर्मिला निर्मलकर, तारणी निषाद, भूमिका साहू, नंदिनी निर्मलकर, योगेश्वरी निषाद, खुश्बू ताण्डी, लक्ष्मी सिन्हा, पायल साहू, इशुलता आदि खिलाड़ी छात्राओं ने हिस्सा लिया। 'आज पैडल मारोगे तो कल शुद्ध सांस ले पाओगे' अपग्रेड योर लाईफ सायकल से महाविद्यालय आओ का संदेश दिया। इस कार्यक्रम के आयोजन में श्री रामदास, श्री ओमसिंह ध्रुव, श्री विजय चन्द्राकर ने अपना सहयोग दिया। इस अवसर स्लोगन, पोस्टर प्रतियोगिता एवं जुम्बा जो कि सायकल चलाने की शारीरिक फिटनेस को बढ़ाता है, कराया जायेगा।

टीप - छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

विश्व सायकल दिवस पर सायकल रैली का आयोजन